## पीएम सूर्य घर योजना

# 1.33 लाख से ज्यादा सौर संयंत्र स्थापित

▶ 942 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी जारी

▶ 498 मेगावॉट से अधिक सौर क्षमता विकसित पीएम सूर्य घर योजना से ऊर्जा आत्मनिर्भर बन रहे परिवार

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश में सौर ऊर्जा को लेकर नागरिकों में उत्साह लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश में अब तक 1 लाख 33 हजार 121 सौर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। प्रदेश में कुल 498.03 मेगावॉट सौर क्षमता विकसित की जा चुकी है। साथ ही हितग्राहियों को अब तक 942.19 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा चुकी है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि इस योजना से परिवार ऊर्जा आत्मनिर्भर बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना मध्यप्रदेश में ऊर्जा आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और आमजन को आर्थिक राहत प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अभियान के रूप में स्थापित हो रही है।

**तीनों विद्युत वितरण कंपनियों में उल्लेखनीय प्रगति**

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र में 30 हजार 614 सौर संयंत्र स्थापित किए गए, जिनसे 30 हजार 899 परिवार लाभान्वित हुए हैं। कंपनी क्षेत्र में 110.87 मेगावॉट क्षमता के संयंत्र स्थापित हुए हैं तथा 213.60 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी वितरित की गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र में अब तक 47 हजार 734 सौर संयंत्र स्थापित किए गए हैं, जिनसे 50 हजार 323 परिवार लाभान्वित हुए हैं। कंपनी क्षेत्र में 185.09 मेगावॉट क्षमता के संयंत्र स्थापित हुए हैं तथा 339.28 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी जारी की गई है। श्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी योजना के क्रियान्वयन में अग्रणी है। यहां 54 हजार 773 संयंत्र स्थापित किए गए। इससे 56 हजार 247 परिवारों को लाभ मिला है। क्षेत्र में 202.07 मेगावॉट क्षमता विकसित हुई है और 389.31 करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी जारी की गई है।



**उपभोक्ताओं को मिल रहा सीधा लाभ** - योजना के तहत 1 किलोवॉट सौर संयंत्र पर 30 हजार रुपये, 2 किलोवॉट पर 60 हजार रुपये तथा 3 किलोवॉट या उससे अधिक क्षमता के संयंत्र पर 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। इससे उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में उल्लेखनीय कमी आ रही है और वे स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रहे हैं। प्रदेश सरकार और विद्युत वितरण कंपनियां योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए लगातार प्रयासरत हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिकृत वेंडरों के माध्यम से ही सौर संयंत्र स्थापित कराएं तथा सब्सिडी प्राप्ति के लिए बैंक खाते, आधार कार्ड और बिजली कनेक्शन में दर्ज नाम एक समान रखें।



फरार आरोपियों की धरपकड़, संदिग्धों की जांच

# कॉम्बिंग गश्त में 197 वारंट तामील

**जबलपुर।** जिले में अपराधियों पर शिकंजा कसने और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए शुक्रवार रात व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर रात 9 बजे से शनिवार तड़के 2 बजे तक चले इस अभियान में गठित टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर फरार आरोपियों की तलाश की। अभियान के दौरान पुलिस ने 121 गैर मियादी वारंट, 53 गिरफ्तारी वारंट और 23 जमानती वारंट सहित कुल 197 वारंटों का निष्पादन किया। इनमें कई ऐसे आरोपी शामिल रहे जो लंबे समय से पुलिस कार्रवाई से बचते आ रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिलेभर में सघन जांच अभियान भी चलाया गया।

**अवैध शराब कारोबारियों पर भी गिरी गाज**

कॉम्बिंग गश्त के दौरान अवैध शराब के खिलाफ चलाए गए अभियान में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब, 77 पाव देशी शराब, 408 बोतल अंग्रेजी शराब और 12 बोतल बीयर जब्त की। वहीं सक्रिय बदमाशों और निगरानीशुदा अपराधियों की भी जांच की गई। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मुसाफिरखानों में देर रात तक सघन चेकिंग की गई। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के साथ वाहनों की भी जांच की गई।

## मुख्यालय में नहीं रहते नगर में पदस्थ पटवारी

**बरेला।** नगर में पदस्थ पटवारी के मुख्यालय में नहीं रहने के कारण लोगों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि नगर में पदस्थ पटवारी नगर में निवास न रह कर जबलपुर से अप डाउन कर रहा है। जिसकी वजह से यहां पर रहने वाले लोगों को जाति प्रमाण पत्र और अन्य कृषि संबंधी कार्यों के लिए पटवारी के लिए भटकना पड़ता है ।पटवारी केवल हफ्ते में एक या दो दिन ही बरेला तहसील आते हैं इसकी वजह से लोगों को तहसील के ही चक्कर काटना पड़ता है। नगर की लगभग 15000 की आबादी है जहां पर पदस्थ पटवारी नगर में न रहकर शासन की निर्देशों की खुली अवहेलना कर रहा है। शासन के निर्देश अनुसार प्रत्येक शासकीय कर्मचारी जहां पर वह पदस्थ है उसे वहां पर रहना अनिवार्य है किंतु यह नियम शायद यहां पर पटवारी पर लागू नहीं होता है यही कारण है कि पटवारी मनमर्जी से अप डाउन कर रहा है।

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की बैठक

# कांग्रेस की बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर जोर

**जबलपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर (ग्रामीण) द्वारा अध्यक्ष संजय यादव (पूर्व विधायक) के नेतृत्व में समन्वय समिति सदस्यों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, आगामी नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियों, पंचायत स्तर पर पार्टी गतिविधियों के विस्तार, फोटोयुक्त मतदाता सूची के सत्यापन, बी.एल.ए.-2 के सत्यापन कार्य एवं विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों के गठन सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने तथा जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस के आंदोलनात्मक कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से संचालित करने पर जोर दिया। बैठक में प्रमुख रूप से श्री संजय यादव, श्री नित्यानंद रंजन खम्परिया, श्री दिनेश यादव, श्री राधेश्याम चौबे, श्री वीरेंद्र चौबे, श्री रूपेंद्र पटेल, श्रीमती कौशल्या गोटिया, श्रीमती अंजू बघेल, श्री चतुर सिंह लोधी, श्री विक्रम सिंह, श्री राजेश तिवारी, श्री प्रमोद शुक्ला, श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, श्री शिव नामदेव, श्री मनीष पटेल, श्री बबुआ शुक्ला, राजेश चौबे,श्री श्याम सुंदर यादव, श्री दुर्गेश पटेल, श्रीमती रुक्मिणी गोटिया, श्री विवेक पटेल, श्री राजेश पटेल एवं श्री विवेक यादव उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रमों को प्रत्येक पंचायत, मंडल एवं ब्लॉक स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा तथा आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर जनसंपर्क अभियान को गति दी जाएगी।

## शराब पीने पैसे नही देने पर मारपीट

**जबलपुर।** घमापुर थानान्तर्गत कांचघर के समीप दोस्तों के साथ घर जा रहे एक किशोर को तीन बदमाशों ने रोककर शराब पीने एक हजार रूपए मांगे। मना करने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। वहीं एक हमलावर ने उस पर पाईप से हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घमापुर पुलिस ने बताया कि कांचघर निवासी अभिनव हनी ठाकुर कल रात साढ़े 11 बजे चुंगीचौकी से अपने दोस्त अनीश रजक, कृष कोरी के साथ घर जा रहा था तभी कांचघर के समीप सक्षम बेन, आयुष सेन व उनका तीसरा साथी मिला जो शराब पीने एक हजार रूपए मांगने लगा मना करने पर तीनों उसके साथ गाली गलौज करने लगे। गालियां देने से मना करने पर तीनों ने उसके साथ हाथापायी कर चोटें पहुंचायी वहीं आयुष ने उस पर पाईप से हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

मीटर रीडर से मारपीट के बाद बड़ी कार्रवाई

# सेठी नगर में विद्युत विभाग ने कनेक्शन काटे, एफआईआर दर्ज

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना क्षेत्र के सेठी नगर में बिजली विभाग के आउटसोर्स मीटर रीडर के साथ मारपीट और बंधक बनाने की घटना के बाद विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। बिजली चोरी के मामले में कार्रवाई से नाराज उपभोक्ता प्रेम ठाकुर उर्फ छोटू पर एफआईआर दर्ज होने के बाद रविवार को विद्युत विभाग ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र में व्यापक जांच अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान मुख्य आरोपी समेत कई बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे गए, जबकि तीन नए मामलों में बिजली चोरी पकड़े जाने पर प्रकरण दर्ज किए गए। अधीक्षण अभियंता संजय अरोरा के अनुसार, आउटसोर्स कर्मचारी अनमोल तिवारी शनिवार दोपहर सेठी नगर में नियमित मीटर रीडिंग का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान प्रेम ठाकुर और उसके दो साथियों ने कथित तौर पर उनका अपहरण कर उन्हें अपने घर ले जाकर कमरे में बंद कर दिया। आरोप है कि वहां कर्मचारी के साथ मारपीट की गई और दबाव बनाकर एक वीडियो रिकॉर्ड कराया गया, जिसमें उससे मनचाहे बयान दिलवाए गए। घटना की सूचना मिलने पर विभागीय अधिकारी कर्मचारी को लेकर गोरखपुर थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विभाग ने पीड़ित कर्मचारी को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी स्वीकृत की है।

**पुरानी कार्रवाई से जुड़ा विवाद**

विभागीय रिकॉर्ड के मुताबिक प्रेम ठाकुर के परिसर में 4 मई को बिजली चोरी का मामला पकड़ा गया था। इस प्रकरण में पेनाल्टी और कम्पाउंडिंग शुल्क सहित बड़ी राशि बकाया थी। अधिकारियों का मानना है कि इसी कार्रवाई से नाराज होकर आरोपी ने कर्मचारी को निशाना बनाया। पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सीय परीक्षण कराकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**रविवार को चला विशेष कॉम्बिंग अभियान**

कर्मचारी के साथ हुई घटना के विरोध में विद्युत विभाग ने अवकाश के दिन भी पुलिस बल के सहयोग से सेठी नगर में विशेष अभियान चलाया। इस दौरान मुख्य आरोपी प्रेम ठाकुर के घर की विद्युत सर्विस लाइन और मीटर हटाकर जब्त किए गए। साथ ही क्षेत्र के अन्य बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन भी काटे गए। जांच के दौरान अखिलेश सोनकर, पवन ठाकुर और राहुल चक्रवर्ती के परिसरों में भी बिजली चोरी पकड़ी गई, जिनके खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। विभाग ने संकेत दिए हैं कि मामले की न्यायालयीन पैरवी के लिए विशेष अधिवक्ता नियुक्त किया जाएगा, ताकि आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# डेयरी के कमरे में रखा था शराब का जखीरा, दो गिरफ्तार

**जबलपुर।** बरेला थाना क्षेत्र के कोसमघाट स्थित एक डेयरी में अवैध शराब का भंडारण किए जाने का खुलासा हुआ है। पुलिस ने देर रात छापेमारी कर डेयरी के एक कमरे से 34 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की और मौके से दो युवकों को गिरफ्तार किया। जब्त शराब की कीमत तीन लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। बरेला थाना पुलिस के मुताबिक कोसमघाट स्थित बंगाली डेयरी के एक कमरे को शराब तस्करों ने अवैध स्टॉक रखने के लिए इस्तेमाल कर रखा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दी। इस दौरान प्रकाश चक्रवर्ती (26) निवासी सालीबाड़ा और सौरभ पाल (26) मौके पर शराब की पेटियों की गिनती करते मिले। पुलिस को देखकर दोनों भागने लगे, लेकिन पीछा कर उन्हें पकड़ लिया गया। तलाशी में 20 कार्टन बैगपाइपर व्हिस्की और 14 कार्टन 8 पीएम ब्रांड की कुल 408 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसकी मात्रा लगभग 306 लीटर है। पुलिस ने करीब 3.06 लाख रुपये की शराब जब्त कर आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) तथा बीएनएस की धारा 49 के तहत मामला दर्ज किया है। फरार आरोपी आकाश चक्रवर्ती की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

सिहोरा के गौरहा रोड पर सुबह हुआ हादसा

# इलाज करा लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**जबलपुर।** सिहोरा थाना क्षेत्र के नांदघाट के पास रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। नागपुर से उपचार कराकर लौट रहे साजन कुशवाहा अपनी बाइक से घर जा रहे थे, तभी गौरहा रोड पर किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवक सड़क से दूर जा गिरा और गंभीर चोटों के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मृतक साजन कुशवाहा, पिता गुड्डू कुशवाहा, नागपुर से इलाज कराकर बस से सिहोरा पहुंचे थे। बस स्टैंड से वह बाइक क्रमांक एमपी 20 जेडसी 7596 से अपने घर की ओर रवाना हुए थे। इसी दौरान नांदघाट के समीप यह हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

**सीसीटीवी फुटेज से तलाश रही पुलिस**

घटना के बाद सिहोरा पुलिस ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की है। अज्ञात वाहन और उसके चालक का पता लगाने के लिए मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**नियमों को ताक पर रखकर निजी कॉलेज से सीधे सरकारी पद पर लाई गई थी धारणा बिसेन**

# कृषि महाविद्यालय वारासिवनी में पदस्थ असिस्टेंट प्रोफेसर धारणा बिसेन सेवा से बर्खास्त

9 वर्षों तक लेती रही लाखों रुपयों की सैलरी और कई सुविधाएं, कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के पूर्व कुलपति पी के बिसेन की बहु है धारणा बिसेन, ससुर ने नियम विरुद्ध की थी नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज . जबलपुर

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में नियमों को ताक पर रखकर की गई एक हाईप्रोफाइल नियुक्ति के मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। वर्तमान रजिस्ट्रार अश्विनी कुमार जैन ने एक कड़ा फैसला लेते हुए कृषि महाविद्यालय वारासिवनी में पदस्थ असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. धारणा बिसेन को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इस बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई के बाद पूरे शिक्षा जगत और विश्वविद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. धारणा बिसेन के ससुर और कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ने अपने कार्यकाल के दौरान सभी तय नियमों और प्रक्रियाओं को दरकिनार करते हुए अपनी बहू को असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त कर दिया था। इस पूरे मामले की विभिन्न स्तरों पर लंबी जांच चली, जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुल 7 पेज का एक विस्तृत और कड़ा आदेश जारी किया है। इस आधिकारिक आदेश में शुरूआत से लेकर अब तक हुई पूरी जांच, नियमों के उल्लंघन और पूरी चयन प्रक्रिया की गड़बड़ियों का सिलसिलेवार ब्यौरा दिया गया है।

**पूर्व कुलपति और रजिस्ट्रार की मिलीभगत से हुआ खेल:** इस पूरे फजीवाड़े की जड़ें साल 2017 से जुड़ी हैं, जब श्रीमती धारणा बिसेन गोंदिया के एक निजी विश्वविद्यालय में कार्यरत थीं। उन्हें अचानक नियमों के विपरीत जाकर वारासिवनी के कृषि महाविद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर बुला लिया गया। इस प्रतिनियुक्ति को कब और किस तरह से एक स्थाई सरकारी नौकरी में बदल दिया गया, इसकी कानों-कान किसी को खबर तक नहीं होने दी गई। इस अवैध नियुक्ति के खेल में केवल पूर्व कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ही शामिल नहीं थे, बल्कि उनके साथ विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार अशोक कुमार इंगले ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। चूंकि नियुक्ति के समय अशोक कुमार इंगले ही रजिस्ट्रार के पद पर तैनात थे, इसलिए उनकी लिखित सहमति और मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी अवैध नियुक्ति को अंजाम देना मुमकिन नहीं था। इसी वजह से जांच एजेंसियों ने पूर्व कुलपति के साथ-साथ तत्कालीन रजिस्ट्रार को भी इस मामले में बराबर का आरोपी बनाया है।



**लोकायुक्त जांच और एफआईआर के बाद भी बचती रही आरोपी:** जब इस पूरी धांधली की शिकायत लोकायुक्त संगठन तक पहुंची, तो प्राथमिक तौर पर की गई जांच में कई चौंकाने वाले और संदिग्ध तथ्य सामने आए। लोकायुक्त ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इस अवैध नियुक्ति को मंजूरी देने वाले पूर्व कुलपति और अन्य अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कर लिया था। इसके बाद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ यानी ईओडब्ल्यू ने भी इस पूरे प्रकरण में एफआईआर दर्ज कर ली थी। हैरानी की बात यह रही कि जिन अधिकारियों ने अवैध रूप से नौकरी बांटी, उन पर तो कानूनी शिकंजा कसता चला गया, लेकिन अवैध तरीके से लाभ पाने वाली असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. धारणा बिसेन लंबे समय तक बिना किसी डर के बालाघाट के वारासिवनी स्थित कृषि महाविद्यालय में अपनी नौकरी करती रहीं और उन पर कोई आंच नहीं आई। इस दौरान पूरे मामले को दबाने के लिए भोपाल स्तर से प्रशासनिक दबाव बनाने के भी कई प्रयास किए गए।

**सेवा समाप्त करने का आदेश मिल गया है**

कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के रजिस्ट्रार द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती धारणा बिसेन की सेवा समाप्त करने का आदेश महाविद्यालय को मिल गया है।

डॉ. घनश्याम देशमुख
डीन जवाहरलाल नेहरू कृषि महाविद्यालय

जनजातीय सम्मेलन में मंत्री डॉ. विजय शाह ने की कई घोषणाएं, शिक्षा

# मझौली में हर वर्ष लगेगा आदिवासी मेला, सरकार देगी 15 लाख की सहायता

**जबलपुर।** जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने रविवार को मझौली में बड़ादेव देवालय एवं 40.96 लाख रुपये की लागत से निर्मित आदिवासी सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने बड़ादेव देवालय परिसर में प्रतिवर्ष आदिवासी मेले के आयोजन की घोषणा करते हुए कहा कि इसके लिए जनजातीय कार्य विभाग हर साल 15 लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराएगा। साथ ही देवालय के अधूरे कार्यों को पूरा कराने के लिए 25 लाख रुपये देने की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेशभर के आदिवासी देवालयों के जीर्णोद्धार के लिए 4 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। क्लैट, यूपीएससी और पीएससी जैसी परीक्षाओं की तैयारी के साथ ही डॉक्टर, आईआईटी और ट्रिपलआईटी में प्रवेश की तैयारी हेतु जबलपुर, भोपाल और इंदौर में निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी।

**रोजगार, अग्निवीर और संस्कृति संरक्षण पर भी फोकस**

मंत्री ने कहा कि स्वरोजगार शुरू करने के इच्छुक जनजातीय युवाओं को 2 से 5 लाख रुपये तक का ऋण और व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में अग्निवीर भर्ती में चयनित 11 युवाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान मंत्री ने प्रत्येक चयनित युवा को 5-5 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अग्निवीर भर्ती की तैयारी के लिए विशेष प्रशिक्षण योजना बनाई जाएगी तथा प्रशिक्षण अवधि में भोजन और अन्य आवश्यक खर्च भी विभाग वहन करेगा। डॉ. शाह ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर शंकर शाह और रघुनाथ शाह के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए उनके जीवन प्रसंगों को पाठ्यक्रम में शामिल करने की बात कही। साथ ही उनके नाम पर जबलपुर में प्रतिवर्ष भव्य जनजातीय सम्मेलन आयोजित करने तथा इसके लिए 5 करोड़ रुपये उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने जबलपुर में लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से जनजातीय सांस्कृतिक संरक्षण केंद्र स्थापित करने की भी जानकारी दी, जहां पारंपरिक कला, संस्कृति और लोक परंपराओं के संरक्षण के साथ युवाओं और महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक अजय विश्नोई ने सामुदायिक भवन निर्माण में मिले सहयोग के लिए मंत्री डॉ. शाह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गोंड समाज अपनी परंपराओं, सामाजिक मूल्यों और भाईचारे की भावना के कारण विशिष्ट पहचान रखता है। कार्यक्रम में बड़ादेव समिति के अध्यक्ष प्रकाश सिंह सैयाम सहित बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# 32 आर्यिका माताजी का आज सिहोरा आगमन





**सिहोरा। सिहोरा-खितौला के सकल जैन समाज आज 105 गुरुमति एवं 105 दृढमति सहित करीब 32 आर्यिका माताजी एवं ब्रम्हचारी भैया जी, ब्रह्मचारिणी बहनजी के सिहोरा आगमन पर पलक पांवड़े बिछाकर भव्य आगमानी करेगा।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार धनगंवा से सुबह 5.30 बजे संघ सिहोरा के लिए प्रस्थान करेगा जो नगर के मुख्य मार्गो से होकर बड़े जैन मंदिर झंडा बाजार से होकर पंचायती जैन महावीर चौक पहुंचेंगा। आहारचर्या की व्यवस्था समाज द्वारा बड़े जैन मंदिर के हाल एवं जैन धर्मशाला महावीर चौक तथा विभिन्न घरों में की गई है। सकल जैन समाज सहित ब्राह्मण समाज सिहोरा,गहोई वैश्य समाज,सराफा एसोसिएशन,साहू समाज सहित विभिन्न संगठनों ने संघ के स्वागत की अपील की है।



**प्रतिमा की स्थापना भी विधि-विधान के साथ सम्पन्न**

## मझौली में बड़ा देव सभा गृह का लोकार्पण

**मझौली।** नगर में आज एक महत्वपूर्ण आयोजन के तहत कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह एवं विधायक अजय बिश्नोई के करकमलों से बड़ा देव सभा गृह का भव्य लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर भगवान बड़ा देव की प्रतिमा की स्थापना भी विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। आयोजन के दौरान आदिवासी संस्कृति पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। साथ ही देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने माहौल को उत्साह और गर्व से भर दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह एवं विधायक अजय बिश्नोई ने अपने संबोधन में क्षेत्र के विकास एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और परंपराओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण अग्निवीर योजना में चयनित नवयुवकों का सम्मान रहा। मंत्री एवं विधायक द्वारा चयनित युवाओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया।

# विश्वकर्मा समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

## जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन भी कार्यक्रम में हुए शामिल



**जबलपुर।** श्री विश्वकर्मा शैक्षणिक कल्याण ग्रुप द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के अध्यक्ष संदीप जैन ने सहभागिता कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम जी.वी.एम. कॉलोनी स्थित श्री राधाकृष्ण एवं श्री विश्वकर्मा भगवान मंदिर ट्रस्ट परिसर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं शैक्षणिक सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संदीप जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता का सबसे सशक्त माध्यम है और समाज के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक हैं। उन्होंने सम्मानित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए निरंतर परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली बच्चों की उपलब्धियों को सराहा गया तथा उन्हें आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभाओं को सम्मानित करने और नई पीढ़ी को प्रोत्साहन देने की दिशा में यह आयोजन प्रेरणादायी एवं सराहनीय पहल साबित हुआ।

# एफपीओ प्रकरण में हुई कार्रवाई पर किसान संगठन ने जताया संतोष

**कलेक्टर एवं जांच दल का किया आभार व्यक्त**

**पाटन।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने एफपीओ एवं उपार्जन से जुड़े कथित अनियमितताओं के मामलों में अब तक हुई प्रशासनिक एवं पुलिस कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं जांच दल के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि संगठन द्वारा 2 फरवरी 2026 को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह को विस्तृत शिकायत सौंपकर विभिन्न एफपीओ कम्पनी एवं सहकारी समिति सरोद में कथित वित्तीय अनियमितताओं, कूटरचित दस्तावेजों तथा उपार्जन कार्य में नियमों की अनदेखी किए जाने संबंधी गंभीर आरोप लगाए गए थे। शिकायत में संबंधित दस्तावेज एवं प्रमाण भी प्रस्तुत किए गए थे। शिकायत पर कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा गंभीरता दिखाते हुए जांच के आदेश दिए थे,तथा एक विशेष जांच दल गठित किया था। जांच के दौरान शिकायतकर्ता राजेन्द्र सिंह के कथन दर्ज किए गए और उपलब्ध दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। जांच के आधार पर बिल्किसगंज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से जुड़े मामले में बनाप सिंह वर्मा,संदीप दुबे,सचिन दुबे,फ़ूड कंट्रोलर सुधीर दुबे,विनोद पटेल,संजय हल्दकार,शाहिल पटेल पर विजय नगर थाना जबलपुर एवं बेगमगंज सीड प्रोड्यूसर लिमिटेड कंपनी के मामले में संदीप दुबे पत्नी रंजना पाण्डेय, भाई सचिन दुबे, पत्नी नेहा पाण्डेय,अंशुल वर्मन,उमा सिंह, मनीष चौरसिया, कमलेश साहू, नीलेश विश्वकर्मा के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत पाटन थाने में प्रकरण दर्ज हुए। महासंघ ने कहा कि प्रशासन द्वारा की गई यह कार्रवाई किसानों के हितों की रक्षा तथा उपार्जन व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। संगठन ने विशेष रूप से कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं जांच दल में शामिल अधिकारियों की निष्पक्ष कार्यशैली और तत्परता की सराहना की है।महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार कक्का,राष्ट्रीय संगठन मंत्री रवि दत्त सिंह,जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह,जिला उपाध्यक्ष तान सिंह, जिला प्रवक्ता ज्ञानेश शर्मा जिला मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास, आशीष जैन, शक्ति प्रताप चौरसिया, पूजा लोधी, माया लोधी,राजेंद्र प्रजापति एवं इन्द्र प्रताप सिंह ठाकुर सहित संगठन के पदाधिकारियों और किसानों ने प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई है कि शेष लंबित एफपीओ प्रकरणों एवं सरोद समिति मामले में भी शीघ्र निष्पक्ष एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी। संगठन ने कहा कि किसानों के हितों से जुड़े मामलों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित होना आवश्यक है तथा प्रशासन द्वारा शुरू की गई कार्रवाई से जिले के किसानों का विश्वास मजबूत हुआ है। वही महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार कक्का एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री रवि दत्त ने जिला इकाई को लम्बे समय से जिले के किसानो के साथ लूट पाट करने वाले अनाज माफियाओ का पर्दाफाश कर किसानों के बीच में संगठन की बेदाग छवि बनाई है, और जब भी किसानों के हित में आवाज़ उठाई जायगी संगठन किसानों के साथ खड़ी रहेगी।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की हुई बैठक

**सिहोरा।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक का आयोजन शिवम लाज खितौला में सूबेदार मेजर ऑन रेरी कप्तान विजय कुमार मिश्रा जबलपुर परिषद अध्यक्ष की अध्यक्षता में किया गया जिसमें कर्नल सी. के.निगम,राजेश तिवारी, हवलदार उजियार लाल (सेना मेडल) मुख्य रुप से उपस्थित। बैठक को संबोधित करते हुए महाकौशल प्रांत के संगठन सचिव सूबेदार बी. पी. तिवारी ने कहा कि संगठन की शक्ति पूर्व सैनिकों की एकता,अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना पर आधारित है। पूर्व सैनिकों को सम्बोधित करते हुए कैप्टन विजय कुमार मिश्रा ने कहा कि 18 जून 2026 को राज्य स्तरीय पूर्व सैनिक रैली का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस संस्कृति एवं सूचना केंद्र, घंटाघर,जबलपुर में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों से पहुंचकर अपने सुझाव एवं सहभागिता प्रदान करने का आग्रह किया। इस अवसर सूबेदार बीपी तिवारी महामंत्री, सूबेदार रामकिशोर रघुवंशी सैलवारा,देवकरण पटेल बुढरा, बलराम पटेल गोसलपुर, रमेश कुमार दुबे पौड़ी कला, मुन्नालाल परोहा,भारत लाल काछी टिकरिया, सूबेदार मेजर एम एन बेग सिहोरा, नायक प्रवीण कुमार पटेल तिघरा, सूबेदार आर के तिवारी,हवलदार सत्येंद्र कुमार काछी,रामबल हल्दकार,हवलदार उजयार लाल (सेना मेडल) मझगवां सरोली (परिषद मीडिया प्रभारी), द्वारका प्रसाद सहित अनेक भूतपूर्व सैनिक उपस्थित थे।

# बारिश नजदीक, नहीं बन सकी पुरवा से पटपरा रोड

**बरेला।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत लगभग 7 साल पहले निवास मार्ग पर स्थित पूरवा से पटपरा रोड का निर्माण कराया गया था जिस पर सन 2025 में इस रोड का नवीनीकरण किया गया था तथा इस रोड पर फेज वन रिंग रोड के फिलिंग मैटेरियल हार्ड मुरम हेतु पुरवा में रिंग रोड निर्माता झंडू कंपनी को लीज दी गई थी। कंपनी द्वारा फिलिंग मैटेरियल निकालने के पश्चात इस रोड को दुरुस्त करने का भी प्रावधान था किंतु रिंग रोड तो लगभग बन गई किंतु ग्रामीणों को उनकी सर्विस रोड नहीं मिल पाई है। आवागमन के लिए एकमात्र रोड बदहाल हो गई है जिसकी वजह से यहां से दोपहिया वाहन चालकों तक को निकलना मुश्किल हो गया है।

बताया जाता है कि रिंग रोड निर्माता कंपनी झंडू कंस्ट्रक्शन द्वारा ओवरलोड वाहन चलाने के कारण इस रोड की दुर्गति हो गई है ।कंपनी द्वारा रिंग रोड का निर्माण लगभग पूर्ण कर लिया गया है किंतु इसके पश्चात अभी तक इस रोड के डामलीकरण के कोई प्रयास नहीं किए गए हैं। कंपनी द्वारा इस रोड को मई माह में बनाने का वादा किया था किंतु मई माह भी बीत चुका है जिसकी वजह से ग्रामीण जनों में आक्रोश व्याप्त है।

स्थानीय निवासी ग्रामीणों का कहना है कि पूरवा से पटपरा मार्ग दो जिलों को जोड़ता है। यहां से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र जमुनिया भी पड़ता है जहां की ग्रामीणों को शहर आने-जाने के लिए यह एकमात्र रास्ता है किंतु रिंग रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा इस रोड को बनाने में कोई रुचि नहीं जा रही है जिसका खामयाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों द्वारा भी इस रोड का मेंटेनेंस नहीं किया जा रहा है। इसकी वजह से ग्रामीणों को शहर जाने के लिए 8 से 10 किलोमीटर का चक्कर लगाकर दूसरे मार्ग से आना जाना पड़ रहा है। ग्राम जमुनिया के पूर्व सरपंच अजब लाल का आरोप है कि रोड कंस्ट्रक्शन कंपनी और एन एच ए आई के अधिकारियों द्वारा भी इस रोड को बनाने में कोई रुचि नहीं ली जा रही है उनका कहना है कि शहर वासियों को तो रिंग रोड मिल गई किंतु ग्रामीणों के नसीब में एक सुलभ रोड थी वह भी रिंग रोड के निर्माण में बलि चढ़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि वारिश का मौसम आने बाला है यदि शीघ्र ही इस रोड का निर्माण नहीं किया गया तो वह आंदोलन करने विवश होंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी अधिकारियों की होगी।

## वर्ल्ड बाइसिकल डे पर निकाली साइकल रैली






**जबलपुर।** वर्ल्ड बाइसिकल डे पर साइकल रैली का आयोजन किया गया, इस साइकल रैली में जबलपुर की हजारों की तादात में पब्लिक ने भाग लिया। इस आयोजन में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, कमलेश अग्रवाल, प्रशांत मिश्रा उपस्थित रहे।

## मोहतरा टोल प्लाजा ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**सिहोरा।** एनएचएआई के निर्देशानुसार, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आर के जे एल परियोजना के अंतर्गत मोहतरा टोल प्लाजा में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्री ऋषभ देव टेक्निकल मैनेजर, सतेन्द्र साइट इंजीनियर, ऋषि साहू, सचिन मिश्रा, पृथ्वी राठी टोल मैनेजर, कमल सिंह कॉरिडोर मैनेजर, संजय मिश्रा एच आर, नितेश सिंह अकाउंटेंट, लोकेन्द्र शर्मा सेफ्टी इंचार्ज उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनएचएआई द्वारा पॉलीथीन के कम उपयोग का संदेश दिया गया तथा सड़क उपयोगकर्ताओं को कपड़े के थैलों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

# निगमायुक्त ने की अमृत फेस 2.0 के कार्यों की समीक्षा

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अमृत फेज 2.0 के अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून आगमन के पूर्व पेयजल वितरण संबंधी शहर के जिन-जिन क्षेत्रों में कार्य हो रहे हैं उन क्षेत्रों में री-स्टोरेशन के कार्यों को पूर्ण कराएं। इसके साथ-साथ उन्होंने निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन विस्तारीकरण एवं जलप्रदाय योजना के तहत कार्य किये जा रहे हैं, उन क्षेत्रों में भी आवागमन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्रता और गुणवत्ता के साथ री-स्टोरेशन कार्यों को पूर्ण कराएं। आगामी वर्षाऋतु को ध्यान में रखते हुए निगमायुक्त ने अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिये हैं कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी निर्माण और मरम्मत कार्यों को बारिश शुरू होने से पहले पूरा करें। उन्होंने शहर के अन्य प्रमुख और संवेदनशील क्षेत्रों में चल रहे बुनियादी ढांचे के कार्यों को भी समय रहते पूर्ण करने को कहा, ताकि मानसून के दौरान जनता को किसी भी तरह की जलभराव या आवागमन की समस्या का सामना न करना पड़े।



**गुणवत्ता से समझौता नहीं, गति और गुणवत्ता पर निगमायुक्त का जोर**

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने केवल काम को जल्दी खत्म करने पर ही नहीं, बल्कि उसकी मजबूती पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि काम की गति के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता भी उच्च स्तरीय होनी चाहिए ताकि स्थायी रूप से काम दिखाई दे सके। आयुक्त ने मैदानी अधिकारियों को लगातार साइट विजिट करने और ठेकेदारों के काम की दैनिक मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त अरविंद शाह एवं अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव के साथ अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हुई जिला स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता




**पर्यावरण केवल हमारे चारों ओर का वातावरण नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन का आधार हैं : प्रो. अरुण शुक्ल संभागीय समन्वयक**

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा "विश्व पर्यावरण दिवस" के अवसर पर विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक प्रदूषण उन्मूलन तथा सतत विकास जैसे विषयों पर आकर्षक एवं संदेशपरक पोस्टर प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से पर्यावरणीय चुनौतियों और उनके समाधान को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अलकेश चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित न रहकर हमारी जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय समन्वयक, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग ने कहा कि पर्यावरण केवल हमारे चारों ओर का वातावरण नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन का आधार है। यदि पर्यावरण संतुलित रहेगा, तभी मानव जीवन सुरक्षित और स्वस्थ रह सकेगा। युवा पीढ़ी यदि पर्यावरण के प्रति जागरुक होगी, तो आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण प्राप्त होगा। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संस्कृति सराफ, द्वितीय स्थान सुरभि पटेल, तृतीय स्थान मान्या कलसिया ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को महाविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

इस अवसर पर डॉ. राकेश तिवारी, माता गुजरी महाविद्यालय जबलपुर, डॉ. हेमा तिवारी, आदित्य महाविद्यालय जबलपुर, डॉ. भावना वर्मा, हितकारिणी लॉ महाविद्यालय जबलपुर, मिस यामिनी मिश्रा, हितकारिणी लॉ महाविद्यालय जबलपुर के साथ विभिन्न महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।




**श्रीमती विद्यावती बाई पटवा-** बधैया मोहल्ला दमोहनाका निवासी श्री मुन्ना पटवा की धर्मपत्नी श्रीमती विद्यावती बाई पटवा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उषा चौरसिया-** पहाड़ी मोहल्ला गढ़ा निवासी श्री रमेश चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती उषा चौरसिया (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती नन्हीं बाई सिहोसे-** शिवनगर गढ़ा निवासी श्री अमृत लाल सिहोसे की धर्मपत्नी श्रीमती नन्हीं बाई सिहोसे (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जमुना प्रसाद कोल-** कांचघर नई बस्ती श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री जमुना प्रसाद कोल (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मैना बाई अहिरवार-** चेरीताल कन्या शाला के पीछे निवासी श्री नन्हूं लाल अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती मैना बाई अहिरवार (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**आरव खटीक-** भानतलैया बड़ी खेरमाई निवासी श्री राहुल खटीक के पुत्र आरव (09) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री शिव कुमार शुक्ला-** गली नं. 18, सदर निवासी श्री शिव कुमार शुक्ला (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीना सोंधिया-** छोटी ओमती बिहारी महाराज का बाड़ा निवासी श्री सुदेश सोंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती मीना सोंधिया (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री मनीष राय-** गोहलपुर पार्षद वाली गली निवासी श्री मोहन राय के पुत्र श्री मनीष राय (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा बाई राजपूत-** आचार्य विनोबा भावे वार्ड भारत सेवक समाज के पास निवासी श्री चंद्रभान सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई राजपूत (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती संगीता रजक-** पुराना शोभापुर गोकलपुर निवासी श्री जीतेंद्र रजक की धर्मपत्नी श्रीमती संगीता रजक (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा पथरोल-** त्रिमूर्ति नगर नब्बे क्वाटर निवासी श्री प्रभात पथरोल की धर्मपत्नी श्रीमती आशा पथरोल (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती श्यामा बाई खंडेलवाल-** दत्त टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री गुलाब चंद्र खंडेलवाल की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई खंडेलवाल (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जया स्वामी-** नेहरू नगर पुल नं. 2 के पास निवासी श्री विजय स्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती जया स्वामी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती दीपाली वाल्मीक-** रामपुर दुर्गा नगर अखाड़े के पास निवासी श्री राज वाल्मीक की धर्मपत्नी श्रीमती दीपाली वाल्मीक (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कोमल गिरी गोस्वामी-** सेठी नगर पानी की टंकी के पास निवासी श्री कोमल गिरी गोस्वामी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मयंक सिंह-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री प्रताप सिंह के पुत्र श्री मयंक सिंह (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362180



# 70 दिन जेल में बंद डायरेक्टर ने देखा अलग हिंदुस्तान ...

**मुंबई।** हॉरर फिल्में बनाने वाले विक्रम भट्ट पिछले साल धोखाधड़ी के मामले में करीब 70 दिनों तक जेल में थे। उन्होंने अपने जेल के दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्होंने जेल में एक अलग हिंदुस्तान देखा। विक्रभ भट्ट और उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट को दिसंबर 2025 में गिरफ्तार किया गया था। कपल पर आरोप था कि उन्होंने इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक डॉ. अजय मुंडिया से उनकी दिवंगत पत्नी पर एक बायोपिक बनाने के नाम पर भारी रकम ली थी, लेकिन फिल्म नहीं बनाई। विक्रम भट्ट ने बताया कि वहां उनकी कई लोगों से दोस्ती हो गई थी। उन्होंने कुछ ऐसे दोस्त बनाए हैं जो जीवन भर के लिए उनके दोस्त बन गए।

लाइफ Style



# तापसी

## सिनेमा इंडस्ट्री में होता है उम्र को लेकर भेदभाव

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तापसी पन्नू बड़े पर्दे पर ऐसी फिल्में करती हैं, जो महिलाओं से जुड़े मुद्दे उठाती हैं। असल जिंदगी में भी हर मुद्दे पर वह बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। हाल ही में तापसी पन्नू ने एक्ट्रेस के साथ उम्र को लेकर किए जा रहे भेदभाव पर बात की है।

तापसी पन्नू ने हाल ही में एक अहम मुद्दे पर बात की है। वह महिला कलाकारों के साथ हो रहे भेदभाव का जिक्र करती हैं। खुद भी वह ऐसी ही चुनौती का सामना कर रही हैं। तापसी का कहना है कि बढ़ती उम्र के कारण उन्हें कुछ खास तरह के किरदार ऑफर ही नहीं हो रहे हैं, मेकर्स को लगता है कि वो ऐसे किरदारों के लिए बड़ी हैं। एक इंटरव्यू में तापसी पन्नू कहती हैं, 'जब तक आप इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाते हैं, तब तक आप 30 साल के हो चुके होते हैं। फिर वे कहते हैं कि आप रोमांटिक-कॉमेडी में काम करने के लिए उतने यंग नहीं हैं। लेकिन मेल एक्टर्स के मामले में ऐसा नहीं होता है। इंडस्ट्री में उम्र को लेकर भेदभाव एक बड़ी बात है।'आगे तापसी पन्नू कहती हैं, 'साउथ में भी मेरे साथ ऐसा होता था। जैसे ही मुझे किसी सीनियर एक्टर के अपोजिट कास्ट किया जाता, यंग एक्टर मेरे साथ काम नहीं करना चाहते थे।' तापसी फिर बॉलीवुड का जिक्र करते हुए कहती हैं, 'शाहरुख खान के बारे में तो आप ऐसी बात कहने की हिम्मत भी नहीं कर सकते हैं।' इस तरह तापसी ने जाहिर किया दिया कि उम्र को लेकर भेदभाव सिर्फ एक्ट्रेसेस के साथ होता है, मेल एक्टर्स के करियर पर उम्र बढ़ने का कोई असर नहीं होता है।

हॉलीवुड मसाला



# वेडिंग सेलिब्रेशन पर मचा बवाल

**नई दिल्ली।** मशहूर गायिका दुआ लिपा ने ब्रिटिश एक्टर कैलम टर्नर से हाल ही में लंदन में एक प्राइवेट सिविल सेरेमनी में शादी रचाई थी। इसके बाद कपल ने एक लैविश सेलिब्रेशन किया जिस पर बवाल मच गया है। दरअसल, शादी के बाद दुआ लिपा और कैलम टर्नर ने इटली में तीन दिनों तक एक लैविश वेडिंग सेलिब्रेशन किया। अब उन्हें सेलिब्रेशन का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। हुआ यूं कि दुआ लिपा के लैविश सेलिब्रेशन के चक्कर में सिसिली के लोगों में गुस्सा फूट पड़ा।



# बैकरूम्स की कमाई देखकर हुए हैरान...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग अक्सर नई फिल्में देखतें हैं। जो फिल्में उन्हें अच्छी लगती हैं उनकी तारीफ करते हैं। हाल ही में नई रिलीज हुई हॉलीवुड फिल्में ऑब्सेस्ड और बैकरूम्स 79 साल के स्पीलबर्ग को बहुत पसंद आईं हैं। दोनों फिल्में कम बजट की हैं और अच्छी कमाई कर रही हैं। इसलिए उन्होंने दोनों फिल्मों की तारीफ की है। एक बातचीत में स्पीलबर्ग ने ऑब्सेशन और बैकरूम्स के बारे में कहा 'मैं उनके लिए बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि यह बहुत शानदार है।' उन्होंने जोश के साथ कहा, 'मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छी बात है कि उनके पास बहुत कम पैसे थे- खासकर ऑब्सेशन का बजट 1 मिलियन डॉलर (लगभग 8 करोड़ रुपए) से भी कम था और दूसरी फिल्म का बजट शायद नौ या दस मिलियन डॉलर (लगभग 86 करोड़ रुपए) था। फिर भी वे इतना अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। मैं उनकी तारीफ करता हूं।'



# को-एक्टर के गलत व्यवहार का किया खुलासा

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस प्रिया बापट ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों का एक परेशान करने वाला किस्सा शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उनकी डेब्यू फिल्म के एक गाने की शूटिंग के दौरान उनके को-एक्टर बार-बार उन्हें किस कर रहे थे, जिससे वह काफी परेशान हो गई थीं। एक इंटरव्यू में प्रिया ने बताया कि उन्होंने शुरुआत से ही इस किसिंग सीन को लेकर सवाल उठाए थे और स्क्रिप्ट रीडिंग के दौरान डायरेक्टर से इसकी जरूरत पर भी बात की थी। इस घटना को याद करते हुए 'मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस' की एक्ट्रेस ने कहा, 'गाने के दौरान ऐसे कई मौके आए जब वह एक्टर बार-बार इम्प्रोवाइज कर रहा था और मुझे किस किए जा रहा था। और मैं... पता नहीं क्यों, उस समय अपने लिए खड़ी नहीं हो पाई, क्योंकि मुझे समझ नहीं आ रहा था कि इस स्थिति को कैसे संभालूं।'



# अभय ने शेयर की बीटीएस तस्वीरें

**मुंबई।** 'मुंज्या' के दो साल पूरे होने पर अभय वर्मा ने फिल्म के सेट से कई बिहाइंड-द-सीन्स तस्वीरें शेयर कीं और एक इमोशनल नोट लिखकर उस सफर के लिए आभार जताया, जिसने उनकी जिंदगी बदल दी। अभय ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, 'मुंज्या के 2 साल!! इस दिन ने सब कुछ हमेशा के लिए बदल दिया। आज भी जब आप मुझे बिट्टू बुलाते हैं तो मेरा दिन बन जाता है... और इस प्यार के लिए कुछ भी। आप सबने मुझे वो जिंदगी दी है, जिसका मैं सिर्फ सपना देख सकता था! जल्दी मिलते हैं।अभय वर्मा के वर्क फ्रंट की बात करें तो लाइकी लाइका और दिलकशी के अलावा वह शाहरुख खान की अगली बड़ी फिल्म किंग में भी नजर आएंगे। यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं।

टीवी मसाला



# एकता के इन टीवी शोज ने बदल दी सीरियल्स की तकदीर

**नई दिल्ली।** भले ही धीरे-धीरे भारतीय टीवी शोज ओटीटी की तरफ शिफ्ट होने लगे हैं, लेकिन टीवी सीरियल्स की दीवानगी कम नहीं हुई है। सास बहू ड्रामा से लेकर घर-घर की कहानियों तक, एकता कपूर ने भारतीय टेलीविजन की दुनिया को फर्श से अर्श तक पहुंचाया है। एकता कपूर ने भारतीय टीवी शोज को दूरदर्शन के धारावाहिकों से बिलकुल अलग एंगल दिया और कई घरों में सैटेलाइट टीवी इसलिए पहुंचा, क्योंकि औरतें इन शोज के बारे में बातें करती थीं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी : हम इस शो का नया सीजन आज भी टीवी पर देखते हैं। स्मृति ईरानी को टीवी की सुपरस्टार बनाने का क्रेडिट इसी शो को जाता है। साल 2000 का यह सबसे कामयाब शो था। स्मृति और एकता ने मिलकर टीआरपी के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। कहानी घर घर की : यह वो सीरियल था जिससे हर दर्शक रिलेट कर पाता था। घर-घर की नोक-झोंक और मुश्किलों को जब एकता ने छोटे पर्दे पर उतारा तो दर्शक फौरन इस शो से जुड़ गए। साक्षी तंवर स्टारर यह शो आज भी लोगों को अच्छी तरह याद है। कसौटी जिंदगी की: एकता कपूर प्रोडक्शन का यह शो और इसके किरदार आज भी लोगों को याद हैं। कोमोलिका से लेकर प्रेरणा और अनुराग जैसे किरदार घर-घर में मशहूर हो गए थे और इस शो का बाद में एक नया सीजन भी लाने की कोशिश एकता ने की थी। पवित्र रिश्ता : सबके चहेते एक्टर सुशांत सिंह राजपूत को टीवी की दुनिया में चमकाने का काम एकता कपूर ने इसी शो के जरिए किया था। सुशांत और अंकिता लोखंडे की जोड़ी ने इस सीरियल के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया था। बड़े अच्छे लगते हैं : आपको उस दौर के जितने भी टीवी शोज के नाम याद हैं, ज्यादा संभावना इसी बात की है कि वो एकता कपूर ने बनाए थे।

## कहां गया शक्तिमान का डॉ जैकाल?

नई दिल्ली। 'शक्तिमान' में पॉपुलर कैरेक्टर्स में से एक 'डॉ जैकाल' भी था, जिसे लोग देखने के वक्त भले ही नफरत करते हो, लेकिन आज वह एक



यादगार किरदार बन चुका है। शो में 'डॉ जैकाल' का किरदार निभाने वाले अभिनेता ललित परिमू अभी अभिनय करते भी हैं और खुद का एक्टिंग स्कूल भी चलाते हैं। हाल ही में दूरदर्शन पर उनका नया शो 'सेठ पन्नालाल की बारादरी' प्रसारित हो रह है। शक्तिमान के अलावा सीआईडी, क्राइम पेट्रोल, हैदर, मुबारकन और एजेंट विनोद जैसी फिल्मों में नजर आए ललित परिमू ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में बताया कि जब वह 28 साल के थे, तो उन्होंने धर्मगुरु बनने के बारे में सोचा था। अभिनेता ने कहा, ध्यान, अध्ययन और योग के लंबे अभ्यास के कारण मैं धर्मगुरु बनने के बहुत करीब था। मैं एक ऑर्गेनाइजेशन के साथ जुड़ा हुआ था, जहां कुछ लोगों की टीम थी और वह मुझे लॉन्च करने के लिए तैयार थे। मैं दूसरी ही दुनिया में कदम रखने जा रहा था, जिस कारण मैंने टीवी और बॉलीवुड में काम करना कम कर दिया था।

# 60 की उम्र में शादी करने में क्या गलत है : राखी गुलजार

**मुंबई।** आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से जल्द शादी करने वाले हैं। आमिर ने खुद कन्फर्म किया है कि वह गौरी के साथ अपने रिलेशन का नेक्स्ट स्टेप लेने वाले हैं। आमिर के इस फैसले पर कई लोग हैरान हैं क्योंकि 60 की उम्र में वह तीसरी शादी करने वाले हैं। अब आमिर के इस फैसले पर एक्ट्रेस राखी गुलजार का रिएक्शन आया है। राखी ने कहा, '60 की उम्र में शादी करने में क्या गलत है? रोबर्ट डी निरो ने 2 बार शादी की थी और अब टिफनी चेन के साथ रिलेशनशिप में हैं, जिसके साथ उनकी बेटी भी है जिसका जन्म 2023 में हुआ था। उनका बच्चा तब हुआ जब वह 80 साल के थे। शादी में खुशी उम्र को लेकर नहीं होती है।'राखी ने आगे कहा कि उन्होंने कभी आमिर के साथ काम नहीं किया है, लेकिन वह जानती हैं कि आमिर काफी अच्छे इंसान हैं। उन्हें यह भी पसंद है कि कैसे आमिर ने तलाक के बाद अपनी दोनों एक्स वाइफ के साथ अच्छा रिलेशन रखा है। इससे पता चलता है वह इंसान कितने अच्छे हैं। बता दें कि आमिर ने शादी कन्फर्म करते हुए कहा था, 'मैं फिलहाल यूएस में ट्रैवल कर रहा हूं, लेकिन हां शादी की खबर सही है। हम 5 जुलाई को शादी करेंगे।'रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर और गौरी की शादी में सिर्फ क्लोज फ्रेंड्स और परिवार वाले शामिल होंगे।



आमिर जो पहले कहते थे कि शादी अभी उनके लिए जरूरी नहीं है, वह अब कह रहे हैं कि उन्हें और गौरी को लगता है कि वे अब अपने रिलेशन को एक स्टेप आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। बता दें कि आमिर ने गौरी के साथ अपना रिलेशनशिप अपने 60वें बर्थडे में किया था। आमिर ने कहा था कि दोनों कुछ समय से साथ हैं और एक-दूसरे के साथ खुश हैं। आमिर की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट सितारे जमीन पर में नजर आए थे जिसमें उनके साथ जेनेलिया डिसूजा थीं। फिल्म सुपरहिट थी। अब आमिर की बतौर एक्टर किसी फिल्म की अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन बतौर प्रोड्यूसर उनकी फिल्म आ रही है बंटवारा 1947 जिसमें सनी देओल और प्रीति जिंटा लीड रोल में हैं।

# सनी की फिल्म लाहौर 1947 का नाम बदलकर हुआ 'बंटवारा'

**मुंबई।** सनी देओल की इस साल की बड़ी पीरियड ड्रामा फिल्म, जिसका पहले नाम 'लाहौर 1947' था, कथित तौर पर इसके नाम में बड़ा बदलाव किया गया है। राजकुमार संतोषी की निर्देशित और आमिर खान प्रोडक्शंस की बनाई इस फिल्म का नाम बदलकर 'बंटवारा' कर दिया गया है। नए नाम से फिल्म को लेकर उत्सुकता पहले ही बढ़ चुकी है, वहीं आमिर खान के इस नाम के राइट्स हासिल करने के बारे में नए खुलासे सामने आए हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'बंटवारा' के टाइटल के राइट्स दिवंगत निर्माता सलीम अख्तर के परिवार के पास थे, जिन्होंने 1989 में इसी नाम की फिल्म बनाई थी। खबरों के मुताबिक, आमिर





खान ने व्यक्तिगत रूप से परिवार से मुलाकात करने के बाद ये राइट्स हासिल किए। एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, 'फिल्म की टीम इस बात पर अड़ी थी कि वे फिल्म का नाम लाहौर 1947 नहीं रखना चाहते थे। उन्होंने पहले 'बंटवारा 1947' नाम तय किया था। लेकिन बाद में सभी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि फिल्म का नाम सिर्फ 'बंटवारा' ही होना चाहिए। हालांकि, '1947' हटाकर सिर्फ 'बंटवारा' रखने का मतलब था टाइटल के राइट्स हासिल करना।'

## टाइटल के राइट्स सलीम के परिवार के पास

सूत्र ने आगे बताया कि टीम को बाद में पता चला कि टाइटल के अधिकार सलीम अख्तर के परिवार के पास थे, क्योंकि उन्होंने 1989 में फिल्म 'बंटवारा' बनाई थी। अंदरूनी सूत्र ने आगे कहा, 'टीम को पता चला कि सलीम अख्तर के परिवार के पास टाइटल के अधिकार हैं, क्योंकि निर्माता ने 'बंटवारा' (1989) बनाई थी। दिग्गज फिल्म निर्माता करीम मोरानी ने आमिर खान और सलीम अख्तर के बेटे समद की मुलाकात कराने में मदद की। दरअसल, आमिर समद के घर गए और उनकी मां और सलीम साहब की पत्नी शमा से भी मिले।' रिपोर्ट के अनुसार, 'यह मुलाकात अच्छी रही। बताया जाता है कि आमिर ने परिवार को सलीम अख्तर के साथ 1995 में रिलीज हुई फिल्म 'बाजी' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने यह भी समझाया कि फिल्म के विषय के लिए 'बंटवारा' टाइटल क्यों सटीक है। अख्तर परिवार ने उनकी बात समझी और इसलिए उन्होंने आमिर को फिल्म के राइट्स बेच दिए।'

## हर दृश्य सस्पेंस पैदा करता है कि कहीं सामने मौजूद पात्र तो नहीं है खूनी

# 60 साल पुरानी यह कल्ट फिल्म मिस्ट्री थ्रिलर में है सबसे अनोखी

*मुंबई। राज खोसला साहब को सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों को खूबसूरती से फिल्माने में महारत हासिल थी। वे अल्फ्रेड हिचकाक के प्रशंसक थे, पर खुद खोसला साहब की सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों में एक नया ही स्टाइल दिखता है। सामान्यत: अल्फ्रेड हिचकाक की फिल्मों में आरंभिक दो-तीन दृश्यों में ही मर्डर सामने आता है, फिर शुरू होती है हत्यारे तक पहुंचने की गुत्थी सुलझाने की कोशिश। हर दृश्य सस्पेंस पैदा करता है कि कहीं खूनी सामने मौजूद पात्र तो नहीं है। ये उनकी फिल्मों की खासियत थी, अब आप राज खोसला साहब की सस्पेंस फिल्मों को देखिए। 'मेरा साया' फिल्म में कोई मर्डर नहीं होता। हालांकि, पहले ही दृश्य में सुनील दत्त जी के पात्र राकेश की पत्नी गीता बनीं साधना को उनकी ही बाहों में दम तोड़ते देखा जाता है। गम का माहौल है।*



### फिल्म की कहानी

फिर कुछ ही दृश्यों में एक नई पहेली खड़ी हो जाती है। साधना की हमशक्ल डकैत को पुलिस सामने लेकर आती है, पर उसका दावा है कि वह राकेश की पत्नी है। इस दावे का सच सामने लाने की गुत्थी सुलझाने की कोशिश में मामला अदालत पहुंचता है। हर दृश्य से सस्पेंस बढ़ता है। एक ओर सुनील दत्त हैं जो जब गवाह के रूप में विटनेस बॉक्स में आते हैं तो उनका अंदाज अलग दिखता है, पर जब काला कोट पहनकर अदालत में जिरह करते हैं तो लगता है मानो अलग इंसान सामने है। वहीं, साधना को देखिए, सामान्यतः ऐसी परिस्थिति में महिला बेबस महसूस करती है, पर साधना एक सशक्त स्त्री के तौर पर सामने आती हैं। जब वो ये कहती हैं कि मुझे अपने पति से अकेले में कुछ बात करनी है। जज उनकी बात को मान लेते हैं और दोनों को अकेले में बात करने के लिए कुछ समय दिया जाता है। एकांत में वार्तालाप के उस दृश्य में कोई संवाद नहीं हैं। बस दोनों के चेहरे पर एक्सप्रेशन दिखते हैं।

### कमाल का था राज खोसला का निर्देशन

राज खोसला साहब जैसे फिल्मकार विरले ही हैं। उनकी फिल्ममेकिंग की खूबी थी कि कैमरे और लाइटिंग उपकरणों को एक जगह प्लेस करते थे, उसके सामने की चीजें बदलती रहती थीं जैसे पर्दे या फर्नीचर बदल दिया। कैमरे का एंगल ऊपर-नीचे होता था, पर उसकी पोजिशनिंग वही रहती थी। फिल्म 'बॉबी' के दौरान जब मैं राज कपूर को असिस्ट कर रहा था तो उन्हें भी ऐसे ही फिल्मांकन करते देखा था। वो भी कैमरे को एक जगह सेट करते थे और उसके सामने की चीजें बदलते रहते थे। फिल्मांकन का ये तरीका अपनाने पर समय की काफी बचत होती थी। जो शूटिंग कई दिन का समय लेती थी, उसे वे महज कुछ ही घंटों में पूरा कर लेते थे।

### क्लाइमैक्स करता है शॉक

जब सुनील दत्त कमरे से निकलते हैं तो उनके मुंह से एक शब्द निकलता है इंपॉसिबल। बिना संवादों के ही बहुत कुछ कह जाने वाला ये क्लाइमेक्स जबरदस्त था। राज खोसला साहब की फिल्मों की जान होता था संगीत। यह शायद इस वजह से भी था कि वह संगीत जगत में कॅरियर बनाने के इरादे से मुंबई आए थे, पर किस्मत को तो कुछ और ही मंजूर था। गुरु दत्त और देव आनंद के साथ जुड़कर बतौर निर्देशक उन्हें फिल्म 'सीआईडी' से पहचान मिली। हालांकि, संगीत से लगाव कम नहीं हुआ। उनकी फिल्म में संगीत भी कहानी की लय में चलता था।

### संगीत हुआ अमर

'मेरा साया' फिल्म के साथ भी ऐसा ही है। फिल्म की कहानी में सस्पेंस है, पर पति-पत्नी के बीच फ्लैशबैक में दिखता रोमांस और मदन मोहन का मधुर संगीत फिल्म की जान है। रजा मेहदी अली खान साहब द्वारा लिखे 'झुमका गिरा रे' गाने में साधना के सिर्फ डांस स्टेप्स ही नहीं, बल्कि चेहरे के भाव भी उसे खास बनाते हैं। इसमें डांस कोरियोग्राफी से इतर निर्देशक का ही नजरिया झलकता है। आजकल तो बैकग्राउंड डांसर्स की भीड़ रहती है। पापा (एच.एस. रवेल) की फिल्म 'मेरे महबूब' के दौरान साधना से मेरी मुलाकात हुई थी। उनका अभिनय, स्टाइल और एलीगेंस कमाल का था।

## मनमोहक नृत्य देखकर दर्शन हुए मंत्रमुग्ध

# पद्मभूषण पं. कुंजीलाल दुबे स्मृति 'नृत्य-नमन' 175 नृत्य साधिकाओं ने दी प्रस्तुतियां

**जबलपुर।** शास्त्रीय, उपशास्त्रीय, लोकशैली में गणेश वंदना, शिव स्तुति, द्रोपदी चीर हरण, वेद स्तुति, राष्ट्र वंदना, रास स्तुति, कृष्ण और देवी आराधना नर्मदा स्तुति के साथ महादेवी वर्मा की कविता पर आधारित मनमोहक समूह नृत्य की भावप्रधान प्रस्तुति देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। अवसर था कला, साहित्य, संस्कृति को समर्पित पाथेय संस्था के तत्वावधान में पद्मभूषण पं. कुंजीलाल दुबे की स्मृति में मानस भवन सभागार में 'नृत्य नमन नृत्यांजलि' समारोह का। प्रारम्भ में दीप प्रज्ज्वलन के साथ पद्मभूषण पं. कुंजीलाल दुबे के चित्र पर विविध संस्थाओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। नृत्य के साथ ही पंडित जी की सत्यनिष्ठा, शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित सेवाओं पर प्रकाश डाला गया। पंडित जी ने परोपकार, क्षमा, अपरिग्रह और शाश्वत मूल्यों का सम्मान करते हुए आचार, व्यवहार एवं सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उनके कार्य पीढ़ियों के लिए प्रेरक हैं। ऐसे ही पथ पर चलकर उनके सुपुत्र डॉ. विश्वनाथ दुबे ने कला, साहित्य की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया। समारोह संयोजक पाथेय संस्था के सचिव राजेश पाठक प्रवीण के संयोजन में ख्याति प्राप्त कला समूहों के नृत्य निदेशकों के मार्गदर्शन में 175 कलाकारों ने भावप्रधान नृत्य प्रस्तुतियां दीं।सामूहिक नृत्यों को



नृत्य निदेशक स्वाति मोदी तिवारी, नीलांगी कलन्तरे, डॉ. उपासना उपाध्याय, मोती सारंग शिवहरे, राकेश गिरी गोस्वामी, भैरवी विश्वरूप, मोमिता बेज सिंह, अंकिता गिनारा झा, नीता कृष्णकांत दीक्षित, मेघा पांडे, मानसी विश्वकर्मा, गरिमा पटवा, तेजस्वनी सिंह, अमृता तिवारी, महिमा गुप्ता द्वारा किया गया।इस अवसर पर प्रतुल राजेंद्र मिश्रा, विजय अनुज, संतोष नेमा, डॉ. संध्या जैन श्रुति, गणेश प्यासा, आरती श्रीवास्तव, शिवानी भगत, डॉ. गिरीश पाठक, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. विपिन शर्मा, दिव्या चौबे, कामना सिद्धेश्वरी सराफ, यशोवर्धन पाठक, पुरुषोत्तम सराफ, मनोहर सोनी, दीपक पचौरी, डॉ. सलमा जमाल, प्रभा शील, ज्योति प्यासी, अभिलाष पांडे, रश्मि पाठक, मंजू इंगले, महेश स्थापक, विनीता विधि, डॉ. अनिल कोरी, देवेंद्र पांडे, रमाकान्त गौतम की विशेष सहभागिता रही।

# भेड़ाघाट नगर परिषद में नियुक्तियों को लेकर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

## स्थानीय निवासियों ने की जांच की मांग

**जबलपुर।** भेड़ाघाट नगर परिषद में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय निवासी वंदना आनंद ने इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक विस्तृत शिकायत सौंपकर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वर्ष 2022 के चुनाव परिणामों के बाद से ही नगर परिषद में मनमानी नियुक्तियाँ की जा रही हैं। आरोप है कि परिषद के उपाध्यक्ष के भतीजे पवन दाहिया और पूर्व उपाध्यक्ष किशोर दुबे के भतीजे व वर्तमान पार्षद काजल दुबे के चचेरे भाई को 'दैनिक श्रमिक' के पद पर नियुक्त किया गया। शिकायत के अनुसार, इन्हें यह कहकर रखा गया था कि ये नियुक्ति केवल 15-20 दिनों के लिए है, लेकिन पिछले 4 वर्षों से उन्हें बिना किसी आधिकारिक रिकॉर्ड के ड्यूटी पर रखा गया है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि ये कर्मचारी बिना किसी उचित प्रक्रिया के नगर परिषद के वीआईपी गेट और नाका पर तैनात हैं। इसके परिणामस्वरूप, सरकारी खजाने में जाने वाला राजस्व निजी जेबों में जा रहा है, जो सीधे तौर पर भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। साथ ही, हाल ही में एक कांग्रेसी पार्षद के रिश्तेदार, अभय प्रताप सिंह को भी 'फायर' विभाग में नियुक्त किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार द्वारा दैनिक नियुक्तियों के लिए जारी दिशा-निर्देशों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। स्थानीय शिक्षित युवाओं को अवसर देने के बजाय, कांग्रेस से जुड़े लोगों को पहले से रिक्तियों की जानकारी देकर अनैतिक रूप से नियुक्त किया जा रहा है। वंदना आनंद ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो, नगर परिषद की कार्यप्रणाली में सुधार किया जाए और सरकारी नीतियों के अनुरूप योग्य स्थानीय युवाओं को उचित अवसर प्रदान करते हुए न्याय दिलाया जाए।

# ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री बेहाल

## कई एक्सप्रेस और स्पेशल ट्रेनें घंटों देरी से पहुंचीं

**जबलपुर।** रेल यात्रियों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। लंबी दूरी की ट्रेनों के लगातार विलंब से चलने के कारण रविवार को भी जबलपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा। खासतौर पर मुंबई से चलकर जबलपुर होते हुए उत्तर प्रदेश और बिहार जाने वाली कई प्रमुख ट्रेनें निर्धारित समय से चार से छह घंटे तक देरी से चलीं। वहीं कुछ स्पेशल ट्रेनों की स्थिति और भी खराब रही, जो कई घंटों की देरी से संचालित हो रही हैं। रेलवे स्टेशन पर यात्री लगातार अपनी ट्रेनों की स्थिति की जानकारी लेते नजर आए। देरी बढ़ने से यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। सूत्रों के अनुसार एलटीटी-पाटलीपुत्र सुपरफास्ट करीब 5 घंटे 15 मिनट, सीएसएमटी-वाराणसी महानगरी 5 घंटे, सीएसएमटी-हावड़ा मेल 6 घंटे 20 मिनट तथा एलटीटी-बनारस एक्सप्रेस लगभग 4 घंटे विलंब से चल रही थी। इससे यूपी और बिहार जाने वाले यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। स्पेशल ट्रेनों की स्थिति भी चिंताजनक रही। एलटीटी-कानपुर सेंट्रल स्पेशल अपने निर्धारित समय से 17 घंटे 5 मिनट की देरी से चल रही थी, जबकि बेंगलुरु-दानापुर स्पेशल 9 घंटे 20 मिनट और दानापुर-एलटीटी स्पेशल करीब 4 घंटे विलंबित रही। लगातार हो रही देरी से यात्रियों में नाराजगी देखी गई और उन्होंने रेल प्रशासन से समयपालन सुनिश्चित करने की मांग की।

# कैंसर मरीजों के सहायतार्थ आयोजित की संगीत संध्या

**जबलपुर।** जान्हवीं म्यूजिकल ग्रुप द्वारा गुरुवार को दत्त मंदिर गोल बाजार में कैंसर मरीजों के सहायतार्थ संगीत संध्या का आयोजन किया गया जिसमें जबलपुर, कटनी, मण्डला आदि स्थानों के कलाकारों द्वारा हुजूरे वाला..., मेरे नसीब में तू है..., पर्दा है पर्दा..., न झटको जुल्फ से पानी..., जैसे सुपर हिट फिल्मी



गानों की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम हेतु दुबई से इंटरनेशनल कलाकार यश सालुंके, छोटू सिंगर, दिव्य मौर्य हरदा आदि ने शुभकामनाएँ भेजी हैं। कार्यक्रम में डॉ. अभिलाष पान्डे विधायक उत्तर मध्य विधानसभा, जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर जबलपुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बब्लू मैथ्यूज, जय प्रकाश गूजर, रमेश पुरी गोस्वामी, गुलाम गौस की गरिमामयी उपस्थिति उत्साहवर्धक रही। ग्रुप की संस्थापक तृप्ति मिश्रा ने बताया कि कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयशा, राधा थापा, मनोज शर्मा, मोहित मिश्रा, डॉ. ललित श्रीवास्तव, डॉ. गुरूमित सिंह आदि सदस्यों की उपस्थिति रही। प्रबंधन अयाज मंसूरी एवं मंच संचालन मंजू गोरे ने किया।

# प्रजापति समाज, रजक समाज एवं मांझी समाज की संयुक्त बैठक में उठी राजनैतिक प्रतिनिधित्व की मांग

**जबलपुर।** संयुक्त समाज प्रजापति समाज, रजक समाज एवं मांझी समाज की संयुक्त बैठक सोनी मास्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई कॉफीहाउस, घंटाघर में तीनों समाज के पदाधिकारियों ने अनुसूचित जाति की लड़ाई संयुक्त रूप से लड़ने का निर्णय लिया। बैठक में राज्य सभा सदस्य की मांग की गई है कि प्रदेश में तीन राज्य सभा सीट हैं 2 भाजपा की 1 कांग्रेस की दोनों पार्टियों के पदाधिकारियों से मांग की गई है कि राज्य सभा में इन समाज के लोगों को भेजने का कष्ट करें जिससे समाज आभारी रहेगी। बैठक में प्रजापति समाज से सोनी मास्टर, कमलेश प्रजापति, बंशी चक्रवर्ती, प्रेमसुख प्रजापति, राजीव प्रजापति, रजक समाज की ओर से श्री भगवत प्रसाद रजक, आर.डी. रजक, गोविन्द प्रसाद रजक,




ओमप्रकाश रजक, नारायण रजक, बलदेव रजक, नरेश रजक, राजकुमार रजक, विकास कनोजिया, केशलाल रजक, सत्यम रजक, शारदा प्रसाद रजक, जितेन्द्र कुमार रजक, माझी समाज से एस.के. कश्यप एडवोकेट, डॉ. आर.डी. रैकवार, डॉ. राजेश केवट, मोहन कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे। बैठक में तीनों समाजों ने केशलाल रजक जी एवं विकास कनौजिया जी का सम्मान किया गया। बैठक में यह बताया गया कि सन 1947 में आजाद हुआ और सन 1950 से देश में संविधान और आरक्षण लागू हुआ है। सन 1956 में मध्यप्रदेश (पुराना) (अब छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश) बना, तब से लेकर आज दिनांक तक प्रजापति (कुम्हार), रजक (धोबी) एवं मांझी समाज से कोई भी व्यक्ति न तो लोकसभा सदस्य बना और न ही राज्यसभा सदस्य बना। जबकि प्रजापति (कुम्हार), रजक (धोबी) एवं मांझी समाज आज भी कुछ जिलों हेतु म.प्र. में अनुसूचित जाति (एस.सी.) के रूप में मान्य है, और सम्पूर्ण प्रदेश में लागू होने हेतु वर्षों से सामाजिक संगठन मांग कर रहे हैं। इसी तरह मांझी जाति सम्पूर्ण मध्यप्रदेश व छत्तसगढ़ के लिये अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) हेतु मान्य हैं और सूचीबद्ध भी हैं। किन्तु इनका कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। हमारा संविधान सभी को समान अवसर व अधिकार प्रदान करता है। किन्तु उपरोक्त समाजों की कोई सुध लेने वाला नहीं है। उन्हें प्रतिनिधित्व प्रदान किया जावे अन्यथा भविष्य में तीनों समाजों के द्वारा आंदोलन की तैयारी की जायेगी।




# महाराष्ट्र व्यायाम शाला मढ़ाताल में किया गया सुंदर काण्ड पाठ

**जबलपुर।** नगर की सुप्रसिद्ध योग एवं खेल प्रशिक्षण संस्था महाराष्ट्र व्यायाम शाला, मढ़ाताल में 6 जून 2026 को अपरान्ह 04.00 बजे श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माँ जगदम्बा महिला मंडल गंगा नगर गढ़ा द्वारा श्री राम दरबार की स्थापना करके पूर्ण भक्तिभाव से श्री सुंदर कांड का संगीतमय पाठ किया गया। कार्यक्रम में संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। सुंदर कांड पाठ के बाद संस्था के मंदिर में भी हनुमान जी की आरती कर प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# लोन दिलाने के नाम पर 1 लाख 20 हजार की ठगी

## बहन की शादी के लिये चाहिये था लोन

**जबलपुर।** बहन की शादी के लिए लोन लेने की कोशिश कर रहे एक युवक से साइबर ठगों ने लोन स्वीकृत कराने के नाम पर 1 लाख 19 हजार 192 रुपये की धोखाधड़ी कर ली। मामले में थाना घमापुर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घमापुर पुलिस के अनुसार, दुर्गा कॉलोनी घमापुर निवासी 23 वर्षीय साहिल विश्वकर्मा ने बहन की शादी के लिए वह ऑनलाइन बजाज फाइनेंस एप्लीकेशन पर लोन संबंधी जानकारी प्राप्त कर रहा था। इसी दौरान 27 मई 2026 को उसके मोबाइल पर स्वयं को राजगोपाल कुंदन बताने वाले व्यक्ति का फोन आया। आरोपी ने एप्लीकेशन आईडी व्हाट्सएप पर भेजने के लिए कहा और बाद में आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक की प्रति तथा फोटो सहित अन्य दस्तावेज मंगवाए। पीड़ित ने तीन लाख रुपये के लोन की आवश्यकता बताई, जिस पर आरोपी ने ब्याज दर और ईएमआई की जानकारी भेजते हुए प्रोसेसिंग फीस के नाम पर 2,550 रुपये क्यूआर कोड के माध्यम से जमा करा लिए। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति ने स्वयं को एसबीआई बैंक मैनेजर बताकर फोन किया और लोन स्वीकृत होने की बात कही। दोनों आरोपियों ने लोन राशि जारी कराने के नाम पर अलग-अलग किश्तों में कुल 1 लाख 16 हजार 6 सौ 42 रुपये और जमा करा लिए। जब काफी समय बीतने के बाद भी लोन राशि नहीं मिली, तब साहिल को ठगी का अहसास हुआ। इस तरह आरोपियों ने प्रोसेसिंग फीस सहित कुल 1,19,192 रुपये की धोखाधड़ी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर थाना घमापुर पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# कायस्थ महासभा ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**जबलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष प्रणीत वर्मा के नेतृत्व में महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति संवर्धन एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण का संदेश देते हुए पर्यावरण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण प्रदान करने की हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। महासभा के जिला अध्यक्ष प्रणीत वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय



की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष मनीष खरे, एड. राहुल श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, अंकुर श्रीवास्तव, दीपांशु श्रीवास्तव, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, श्रद्धा श्रीवास्तव, शक्ति श्रीवास्तव, स्वाति खरे, प्रज्ञा श्रीवास्तव, प्राशी श्रीवास्तव, रीना श्रीवास्तव एवं अर्पिता श्रीवास्तव सहित महासभा के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण, वृक्ष संवर्धन एवं हरित भारत के निर्माण हेतु निरंतर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।




# उद्योग भवन कटंगा की लिफ्ट बनी शोपीस

## कागजों में चल रही उद्योग भवन रखरखाव समिति

**जबलपुर।** कटंगा टीवी टॉवर के पास राज्य शासन द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित उद्योग भवन बदहाली का शिकार है, कुछ कर्मचारियों ने बताया यहां की दोनों लिफ्ट पिछले एक वर्ष से बंद है, दिखावे के लिए यहां उद्योग भवन रखरखाव समिति बनाई गई है, उद्योग भवन में अनेक शासकीय विभागों के कार्यालय स्थापित किए गए हैं, जो अनेक अव्यवस्थाओं का शिकार हैं, लिफ्ट के अभाव में यहां आने-जाने वाले कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता हे। आम नागरिकों, समाजसेवियों ने संभागायुक्त कमिश्नर जबलपुर व जिला कलेक्टर से शीघ्र ही उद्योग भवन कटंगा में फैली अव्यवस्थाओं को ठीक करने व उद्योग भवन की दोनों लिफ्टों को जनहित में चालू करने की मांग की है।

# बहुजन चेतना विकास मोर्चा ने बेलखेड़ा थाने का किया घेराव

**जबलपुर।** ग्राम पावला, तहसील शहपुरा की दो आदिवासी बेटियों को, जिसमें एक बिटियाँ नाबालिग थी,जिन्हें गांव के दबंगों द्वारा बहला-फुसलाकर गुजरात के सूरत नगर ले जाया गया था, जिसके विरोध में बहुजन चेतना विकास मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट खेमराज झारिया के नेतृत्व में द्वारा बेलखेड़ा थाने का घेराव एवं प्रदर्शन 06 जून 2026 को किया गया। एडवोकेट खेमराज झारिया के नेतृत्व में, बहुजन चेतना विकास मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम मेहरा, जिला अध्यक्ष टिक्कू लोधी, कार्यालय मंत्री महेन्द्र सोधिया, शहपुरा के ब्लाक अध्यक्ष शिव मेहरा तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष सखावत खान एवं उनकी टीम, भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष संजू झारिया एवं उनकी टीम, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार सैयाम, जयस संगठन के संगठन मंत्री श्रीकान्त पोर्ते एवं उनकी टीम, आदिवासी एकता परिषद के बसंत टेकाम एवं उनकी



टीम, कांग्रेस की जिला सचिव रमा धुर्वे, सामाजिक कार्यकर्ता राहुल परस्ते, बृजभान धुर्वे, गनेण अशोक उरेती मेहरा, विष्णु यादव, भीकम पटेल, लवकुश, उमेश मरकाम, भूरा, चन्द्रमोहन, समाज महासंघ के संस्कृतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी भीकम झारिया, झारिया कल्याण संघ जबलपुर के मथुरा प्रसाद झारिया, जीसयु दमोह के प्रदीप मरकाम, जनपद सदस्य किशन सल्लाम, सरपंच योगेन्द्र सिंह टेकाम, सरपंच शोभाराम, सरपंच गिरधारी सिह परस्ते एवं सैकड़ों कार्यकर्ता ने दिनांक 06 जून 2026 को जूलूस के रूप में बेलखेड़ा थाना प्रागंण में प्रवेश किया तथा थाने का घेराव किया। पुलिस प्रशासन की पक्षपात पूर्ण कार्यवाही के विरुद्ध नारेबाजी की गई। थाने में उपस्थित एसडीओपी, टीआई एवं उनका स्टाफ थाने से बाहर आया और विरोध प्रदर्शन करने वाले नेताओं से बात की। एसडीओपी पाटन को बहुजन चेतना विकास मोर्चा, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एवं मेहरा समाज महासंघ की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। एसडीओपी द्वारा बताया गया कि पवला ग्राम से संबंधित अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा एक नाबालिग लड़की को भी बरामद कर लिया गया है। उपस्थित एसडीओपी द्वारा बताया गया कि इस प्रकरण एवं दूसरे अन्य प्रकरणों में आगे की कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है, अन्य आपराधिक प्रकरणों में यदि कोई चूक हुई है, तो वे स्वयं उनका निरीक्षण करके नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करायेंगे।



# गोरखपुर सनातन धर्म सभा कृष्ण मंदिर में हुआ हरिनाम संकीर्तन

**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर के अति प्राचीन मंदिर, समस्त सनातनियों भक्तवृंदों के आस्था, शांति, साधना, आराधना का केंद्र सनातन धर्म सभा श्री कृष्ण मंदिर गोरखपुर में श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जाबालीपुरम के तत्वावधान पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर संकीर्तनाचार्य पं. मनमोहन दुबे के सानिध्य में साप्ताहिक संकीर्तन श्रृंखला में मनमोहन हरि नाम संकीर्तन भक्ति भाव, भजन कार्यक्रम भगवान श्री कृष्णा की भक्ति के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक देवेंद्र नेमा ने बताया कि श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जाबालीपुरम द्वारा विगत अनेक वर्षों से सनातन संस्कृति की पावन भूमि संस्कारधानी जबलपुर में संकीर्तन के माध्यम से मातृ शक्तियों, भाइयों और बहनों सहित आज की युवा पीढ़ियों को सनातन धर्म की विचारधाराओं के साथ एवं चैतन्य महाप्रभु भगवान श्री कृष्ण के उपदेश को सभी के जीवन में परिवर्तन हेतु घर-घर, गली-गली, बस्ती बस्ती, नगर-नगर में संकीर्तन की अलख जागते हरि नाम संकीर्तन किया जा रहा है।आज कार्यक्रम के पश्चात समस्त श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण की जय-जय कार के साथ महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर पं. अयोध्या प्रसाद शास्त्री, संयोजक देवेन्द्र नेमा, श्याम चतुर्वेदी, पं. देवेंद्र त्रिपाठी, पं. मुन्ना महाराज, कपिल द्विवेदी, लकी भाटिया, ओपी बाधवा, रेणु गुप्ता, योगिता पुंज, नीलम सबरवाल, सत्यप्रकाश नामदेव, केएल दीक्षित, प्रभाकर चतुर्वेदी, मनोज गुलाबवानी, पप्पू चौबे, राजेंद्र सोनी, रमेश विश्नोई, सुनील नामदेव, विशाल पंड्या, शिवा नामदेव, राजेश असाटी, धीरज बेन, मोहित तिवारी आदि बड़ी संख्या में मातृ शक्ति,भक्तजन उपस्थित रहे।

# मासिक पेंशन बढ़ाने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री से लगाई गुहार

**जबलपुर।** महाकोशल जनप्रतिनिधि विचार मंच के संयोजक व प्रदेश अध्यक्ष विजय कांडा, वरिष्ठ समाजसेवी रूपलाल यादव ने बताया कि कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा प्राइवेट एवं अर्धशासकीय कर्मचारियों को दी जा रही मासिक पेंशन एक हजार रुपये आज की बढ़ती मंहगाई को देखते हुए बहुत कम है। मासिक पेंशन एक हजार से बढ़ाकर 7.500 रुपये किए जाने की मांग को लेकर महाकोशल जनप्रतिनिधि विचार मंच ने महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री, मुख्यमंत्री मप्र, केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार आयुक्त, संभागायुक्त कमिश्नर जबलपुर व कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया तथा कर्मचारी हित में मासिक पेंशन बढ़ाने की मांग की है। मांगकर्ताओं में विजय कांडा, राजेन्द्र चौधरी, रूपलाल यादव, ठा. दीपक सिंह राजपूत, पिंकी ठाकुर, सरोज कांडा, दलवीर सिंह जस्सल, राजेश पटेल, उमेन्द्र सिंह, आशीष यादव, सुरेश हिरस्कर, सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।